# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
*विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, नामकुम-तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची* - 834010

e-mail id: jceceb@gmail.com

Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/04/25 –21 ,राँची/दिनांकः 02/06/2025

**अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 तथा डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अत्यावश्यक सूचना**

अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 तथा डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षायें दिनांक–08.06.2025 (रविवार) को क्रमशः पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तथा अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। तद्नुसार, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर "Click Here for All online Application Submission-JCECEB 2025" टैब पर Click कर परीक्षा का सही विकल्प चुनते हुए Login कर Download Online Admit Card पर Click कर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा समाप्ति के पूर्व प्रवेश–पत्र (Admit Card) का लेमिनेशन (Lamination) नहीं करावें।

प्रवेश–पत्र में परीक्षार्थियों के अन्य विवरणी भी अंकित है यथा परीक्षार्थी का नाम, पिता एवं माता का नाम, कोटि, जन्म–तिथि इत्यादि। यदि उक्त विवरणियों की प्रविष्टियों में संशोधन या सुधार की आवश्यकता हो तो, एक स्वहस्तलिखित आवेदन–पत्र, साक्ष्य के साथ, **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर **दिनांक–04.06.2025 से दिनांक–12.06.2025** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ अथवा e-mail (controller.jceceb@gmail.com) के माध्यम से निश्चित रूप से जमा कर दें जिसके आधार पर विवरणी में संशोधन किया जा सके। उक्त निर्धारित तिथि के बाद पर्षद कार्यालय को प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)

उप परीक्षा नियंत्रक